दिनांकः 01.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

पश्चिम एशिया में हो रहे तनाव के ताज़ा घटनाक्रम के मद्देनजर विदेश मंत्रालय ने परामर्श जारी किया है। ये परामर्श ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए जारी किया गया है, जो वीज़ा विस्तार और ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। मंत्रालय ने ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करने की सलाह दी है। इसके लिए कार्यालय की वेबसाइट बीओआई डॉट जीओवी डॉट इन पर भी संपर्क किया जा सकता है।
इस बीच, पश्चिम एशिया में भारतीय दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से परामर्शों का पालन करने की अपील की है। इसमें सावधानी बरतने और अनावश्यक आवाजाही से बचने को कहा गया है। यूएई, सऊदी अरब, कुवैत, जोर्डन और इराक सहित अन्य दूतावासों ने आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नम्बर और ई–मेल जारी किए हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज राजधानी जयपुर में आयोजित विश्व नवकार महामंत्र समारोह में शामिल हो रहे हैं। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन–जीतो की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा को परम धर्म बताया और समाज को जियो और जीने दो का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने जैन समुदाय के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों की भी सराहना की।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी की स्पेशल इकाई ने प्रवर्तन निदेशालय ईडी के हेड कांस्टेबल को 13 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपी ने परिवादी को ईडी के एक मामले में राहत दिलाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी।

000

प्रदेशभर में होलिका दहन और धुलंडी पर्व के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बाजार गुलाल और पिचकारियों से सज गये हैं। इस बीच, भीलवाड़ा का हरणी गांव होलिका दहन की अनूठी परम्परा के कारण चर्चा में बना हुआ है। वहां लगभग पिछले 70 वर्षों से होलिका दहन के स्थान पर सोने–चांदी से बने भक्त प्रहलाद और होलिका की प्रतीमा की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से की जाती है। इसके साथ ही प्रदूषण की रोकथाम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाता है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में आस–पास के लोग भी जुटते हैं।

000

भरतपुर में वन विभाग की ओर से संभाग स्तरीय वन मेले का आयोजन किया गया। इसमें धौलपुर, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, डीग और करौली जिले के वन प्रेमियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं ने शिरकत की। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने वन मेले का उद्‌घाटन किया। इस दौरान वन उत्पादों और उनके निर्माण की प्रक्रिया को दर्शाया गया।
इसके साथ ही औषधीय पौधों, वर्मी कंपोस्ट और वन उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

000

पाली में कल अंतर जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। तीन दिन तक चली इस प्रतियोगिता में जोधपुर, पाली, जालौर सहित विभिन्न जिलों की 12 टीमों के 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुलिस लाइन मैदान पर हुई इन प्रतियोगिताओं में कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, हैंडबॉल और कुश्ती सहित अन्य मुकाबले रखे गये।

000

आईसीसी टी–20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में आज भारत का सामना वेस्टइंडीज से होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल इस महीने की 4 और 5 तारीख को होंगे। वहीं खिताबी टक्कर 8 मार्च को होगी।

000

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा–शुल्क बोर्ड ने पात्र निर्माता आयातकों के लिए सीमा–शुल्क के तुरंत भुगतान से छूट की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा 31 मार्च तक जारी रहेगी। बोर्ड ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

अधिसूचना के अनुसार, अब पात्र निर्माता आयातक निकासी के समय सीमा–शुल्क का भुगतान तत्काल किए बगैर भी आयातित वस्तुएं ले जा सकेंगे। इन वस्तुओं पर लागू शुल्क का भुगतान मासिक आधार पर किया जा सकेगा। इससे निर्माताओं को नकदी और कार्यशील पूंजी बनाए रखने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इससे व्यापार आसान होगा और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस सुविधा के लिए कल से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।

000